वैशाख, शुक्ल पक्ष 3, वर्ष-10, अंक 93 पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये

प्रयागराज, मंगलवार 25 जून, 2024

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष मे प्रसारित

Adhunik Samachar

नगर संस्करण

10 वर्ष विश्वास के

# आई.टी.आई में सीधे प्रवेश

# NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन




नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन भारत सरकार द्वार मान्यता प्राप्त नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद प्रवेश कार्यालय का सिविल डिफेंस प्रयागराज के मंडल अधिकारी रौनक गुप्ता के द्वार किया गया प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने बताया कि प्रयागराज में न्यूनतम शुल्क मुझे प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। यहां इंडस्ट्रियल विजिट सेमिनार, ग्रुप डिस्कशन, आदि कराया जाता है जिसे प्रशिक्षणार्थियो का सर्वांगिन विकास होता है. केंद्र गुणवत्ता परिषद द्वारा स्टार ग्रेडिंग प्राप्त है. केंद्र के कंप्यूटर शिक्षक रोहित शुक्ल ने बताया कि सरकार द्वार छात्रवृत्ति एवं टैबलेट की सुविधा उपलब्ध है प्रशिक्षणार्थियो को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है. मुख्य अतिथि ने नवीन प्रवेशार्थियो का स्वागत एवं उज्जवल भविष्य की कामना की अंतरराष्ट्रीय स्तर का है प्रयागराज नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण के द्र-रौनक गुप्ता.इस अवसर पर निरीक्षक विजय पांडे, रोहित शुक्ला, सचिन श्रीवास्तव, मोहम्मद कौसर, प्रदीप जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहें।



## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र.के छात्र रेलवे में चयनित



नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के चार छात्रो का सिकंदराबाद मे रेलवे में चयनित होने पर संस्थान परिवार ने बधाई दी है। प्रयागराज करछना तहसील के नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के चार छात्रों का रेलवे के धारा रेल प्रोजेक्ट सिकंदराबाद में चयन होने से विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा छात्र का सम्मान एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने इन छात्रों का समारोहपूर्वक अभिनंदन एवं सम्मान करते हुये कहा कि यह विद्यालय के लिये गौरव की बात है।संस्थान के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्वल एवं सफल बनावें। उन्होंने भविष्य में और मेहनत व लगन से अध्यापन व अध्ययन करने हेतु शिक्षकों और छात्रों का आह्वान किया। इस अवसर पर केक काटकर केंद का स्थापना दिवस भी मनाया गया।

## Admission Open 2024-25



श्री सत्यदेव दुबे (प्रधानाचार्य)
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भदोही



श्री सुजीत श्रीवास्तव (प्रधानाचार्य)
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी, प्रयागराज



इं. अर्चना सरोज ( ट्रेनिंग एवं पलेसमेन्ट, अधिकारी
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खागा, फतेहपुर

- ★ C.O.P.A.
- ★ Fitter
- ★ Computer Teacher Training
- ★ Electrician
- ★ Fire Safety & Industrial Security
- ★ Repair of Refrigerator & A.C.
- ★ Welding Technology
- ★ Certificate in YOGA
- ★ Security Service
- ★ Computer Hardware& Maintenance


## Naini ITC Honored by U.P. State Industrial Association

*JEEVAN EXPRESS NEWS*

PRAYAGRAJ: A seminar was organized by Uttar Pradesh State Industrial Association on Friday. In which Naini Industrial Training Center was honored with a citation by the association's president Arvind Rai for providing high quality skilled workers. Mohammad Kausar received the honor from the Centre. On this occasion, all the entrepreneurs of Prayagraj including Arinnd Rai Sheetal Plastics, Anat Chandra Ventura Private Limited, BLKHN Engineering Works, S Shukla, Overseas Food Agro Private Limited, union officials and all the industrialists were present.



**Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480**



# प्रदेश आस/पास



## यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द होने से आक्रोशित अभाविप सोनभद्र इकाई ने फूंका एनटीए का पुतला

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** बीते दिनों अनियमितता के चलते यूजीसी नेट की परीक्षा रद्द होने के समाचार के साथ ही देश भर के छात्रों में संदेह, भ्रम एवं निराशा फैल गई है। इस वर्ष पीएचडी के प्रवेश भी यूजीसी नेट के स्कोर के आधार पर होने हैं। इस कारण अभ्यर्थियों में अचानक असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस मुद्दे को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सोनभद्र इकाई द्वारा ऽ्उँ के विरोध में प्रदर्शन करते हुए का पुतला फूंक कर आक्रोश जताया त् शीतला मंदिर चौक पर नारेबाजी करते हुए आक्रोशित छात्रों ने , ऽ्उँ मुर्दाबाद जैसे नारे लगाते हुए ऽ्उँ का पुतला फूंका अभाविप सोनभद्र विभाग के विभाग संयोजक शशांक मिश्रा ने कहा, ठपरीक्षाओं में लगातार अनियमितताओं की घटनाएं विचलित करने वाली एवं दुर्भाग्यपूर्ण हैं जो न केवल एनटीए जैसी परीक्षा एजेंसियों की क्रेडिबिलिटी पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करती है बल्कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली हैं। यह स्थिति किसी भी प्रकार से स्वीकार्य नहीं है। इस पूरे प्रकरण में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए जिससे छात्रों के साथ अन्याय न हो व बताया कि प्रतिष्ठित परीक्षाओं में धांधली से छात्रों का भरोसा ऽ्उँ से उठ गया है त् शिक्षा मंत्री द्वारा लगातार ऐसी घटनाओं के होने के बाद भी कड़ी कार्यवाई न करने से छात्रों में भारी आक्रोश है त् इस पूरे घटनाक्रम की सीबीआई जांच कर इसमें शामिल दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए जिससे भविष्य में पेपर लीक जैसी घटनाओं से छात्रों का भविष्य संकट में न पड़े अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सोनभद्र जिले के जिला संयोजक मृगांक दुबे ने ऽ्उँ की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए कहा लगातार हो रही पेपर लीक की घटनाओं से छात्रों का भविष्य अधर में है त् इस पूरे घटनाक्रम की सीबीआई जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनः आवृत्ति न हो अभाविप यह मांग करती है कि लगातार होने वाली इस प्रकार की अनियमितताओं की जांच सीबीआई से करवानी चाहिए एवं दोषियों पर ,चाहे वह ब्यूरोक्रेसी में ही क्यूं न हों, कड़ी कार्रवाई कर कठोर दंड सुनिश्चित करना चाहिए ।इस अवसर पर प्रान्त कार्यसमिति सदस्त कुंवर चतुर्वेदी,विभाग सह संयोजक सौरभ सिंह, राहुल जालान,ललितेश मिश्रा, सत्यम शुक्ला,वैभव पांडेय,शशांक,राज सिंह,शुभम पांडेय,राजवीर सिंह,शिवेंद्र यादव,राज पांडेय,शिवम शुक्ला,आशुतोष, अमित,विष्णु आदि कार्यकर्ता शामिल रहे ।



## भारत युवा परिषद् संस्था ने सफाई सेवकों को पानी के घड़े का वितरण किया

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**नोएडा।** नोएडा सेक्टर 138 में भारत युवा परिषद संस्था ने अपने आसपास के सफाई सेवकों में पानी के घड़ों का वितरण किया। भारत युवा परिषद संस्था के अध्यक्ष आदेश त्यागी ने बताया की इतनी भीषण गर्मी में हमारे श्रमिक हमारी सेवा में लगे रहते हैं। इनके लिए यह छोटा कदम उठाया है। हमारे सफाईकर्मी हमारे देश का मजबूत स्तंभ हैं जिनकी हर संभव मदद के लिए हम सभी को आगे आना चाहिए। इस अवसर पर विशेष त्यागी ने कहा की जब देश कोरोना महामारी से लड़ रहा था तब यह वर्ग हमारी सेवा में तत्पर था। आज भी इतनी भीषण गर्मी में जब कोई भी घर से नही निकल रहा तब भी यह हमारी सेवा में लगे हैं। हमारी संस्था ऐसे सफाईकर्मियों के सेवा में निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर राजेश कुमार सूरी, विवेक त्यागी,दिनेश भाटी,विक्रम भाटी,कंचन सक्सेना, सुनीता शर्मा, बबीता त्यागी, गीता त्यागी, दीपक त्यागी (एडवोकेट), विशेष त्यागी, विजय कसाना, तेजवीर गुज्जर, सुनील भाटी आदि मौजूद थे।




## वीरांगना महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर हुई गोष्ठी

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** अखिल भारतवर्षीय गोंड़ महासभा के कार्यकर्ताओं द्वारा सोमवार को वीरांगना महारानी दुर्गावती के 460 में बलिदान दिवस पर गौरव महासम्मेलन वीरांगना धाम दुरावल कला में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि रामनिवास गौड़ संजय यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख द्वारा प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान अतिथि द्वारा संबोधित करते हुए बताया गया कि रानी दुर्गावती का जन्म 5 अक्तूबर 1524 को आज के बुलंदेलखंड के बांदा जिले में हुआ था। दुर्गा अष्टमी के दिन जन्म होने के नाते नाम रखा गया दुर्गावती। उन्होंने बचपन से ही घुड़सवारी, तीरंदाजी और तलवारबाजी जैसी युद्ध कलाओं को सीखना शुरू कर दिया था। आगे चलकर उन्होंने गोंडवाना पर लगभग 16 साल शासन किया। वही सपा जिला उपाध्यक्ष डॉ लोकपति सिंह ने बताया कि कालिंजर के राजा कीरत सिंह की सुपुत्री और गोंड राजा दलपत शाह की पत्नी रानी दुर्गावती की वीरता से भला कौन परिचित नहीं होगा। देश की महान वीरांगना रानी दुर्गावती ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने हाथों से अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे. मुगल शासक अकबर के सामने झुकने के बजाय उन्होंने खुद ही अपना खंजर अपने सीने में उतार लिया था. वह तारीख थी 24 जून 1565. उनकी शहादत को अब बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी अवसर पर आइए जान लेते हैं रानी दुर्गावती की वीरता की कहानी। इस मौके पर श्याम बिहारी यादव, रवि कुमार गॉड, रंजनी सिंह ,त्रिवेणी खरवार, वासुदेव , दरोगा सिंह मौर्य, आशीष खंबे ,राजेंद्र प्रसाद ,राजेश कुमार गोंड, रमाकांत, रंजनी सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे पूरे कार्यक्रम का संचालन कर रहे राजेश कुमार गुण द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।



## कोटेदार संघ ने अपनी मांगों को लेकर की बैठक

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** रावर्टसगंज नगर स्थित डंडइत बाबा परिसर में सोमवार को ऑल इंडिया फेयर प्राईज सॉप डीलर संगठन की अपनी मांगों को लेकर बैठक आयोजित की गई बनाई गई रणनीति । वही संगठन जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि संगठन की विभिन्न मांगे जब तक पूर्ण नहीं की जाएगी तब तक संघर्ष जारी रहेगा वहीं अन्य पदाधिकारी के साथ मांगों को लेकर विभिन्न कार्यक्रम के संबंध में रणनीति बनाई गई है मांगो में जैसे ई-केवाइसी जनपद के राशन विक्रेताओं द्वारा करना सम्भव नहीं है, इसके लिए योग्य कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता होती है, जिसका भुगतान कोटेदार को देना सम्भव नहीं है। इसलिए आपरेटर का भुगतान उचित मजदूरी शासन द्वारा दिया जाय। 2 विगत कई माहो से सर्वर की समस्याओं निरन्तर हो रही है जिसका निराकरण नहीं हो पा रहा है। मशीनो में जो सिम लगे है काम नहीं करते है। सिम को रिचार्ज कराया जाय। 3. विगत दो महीने से जिले में राशन दुकानदारों के यहां खाद्यान जो जा रहा है वह गुणवत्ता पूर्ण नहीं है। 4. राशन विक्रेताओं का लाभांश समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है। 5. महोदय प्रदेश संगठन द्वारा खाद्य आयुक्त लखनऊ एवं हाईकोर्ट इलाहाबाद में रिट याचिका सं0-20530/2024 दायर की गयी है. जिसकी जल्द ही सुनवाई जब तक नहीं होती है तब तक हम सभी राशन विक्रेता ई-केवाईसी के कार्य से विरत रहेंगे। इस मौके पर मंजू देवी अशोक कुमार रमाशंकर विनोद कुमार सुरेंद्र कुमार गोपी नाथ राम दास सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## पत्नी हत्या आरोपी पति व शशुर गिरफ्तार अन्य की तलाश

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** थाना रॉबट्र्सगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 450/24 दहेज हत्या से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार । शनिवार को शिवप्रसाद (चमार) पुत्र रामलखन निवासी ग्राम गोठानी थाना जुगैल जनपद सोनभद्र द्वारा अपनी पुत्री आरती उम्र करीब 23 वर्ष को उसके ससुरालीजन द्वारा दहेज की मांग को लेकर परेशान व प्रताडित करने व मृत्यु कारित कर देने के सम्बन्ध में थाना रा0गंज पर तहरीर दिया गया । तहरीर के आधार पर थाना रा0गंज पर मु0अ0सं0 450/24 धारा 498ए,304बी भादवि व ☐ डीपी एक्ट बनाम 1.पति अजय पुत्र रामनरेश उम्र 25 वर्ष 2. ससुर रामनरेश पुत्र अज्ञात 3. सास नाम पता अज्ञात नि0गण देवराड थाना रा0गंज सोनभद्र पंजीकृत किया गया । मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभि0गण की अति शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया । रविवार को पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर के आदेश के क्रम में व प्रभारी निरीक्षक रा0गंज के निकट पर्यवेक्षण में उ0नि0 बृजेश कुमार पाण्डेय मय हमराह का0 संदीप निर्मल व हे0का0 धनन्जय राय द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभि0गण 1. पति अजय पुत्र नरेश 2. ससुर नरेश पुत्र तिलकधारी नि0गण देवराड़ थाना रा0गंज सोनभद्र को तेन्दू मोड़ के पास से समय 13.45 बजे गिरफ्तार कर लिया गया । गिरफ्तार अभियुक्तगण को अग्रिम कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय भेजा गया । **गिरफ्तारी का स्थान व दिनांक/समय**-दिनांक 23.06.2024 समय 13.45 बजे स्थान तेन्दू पुल के पास थाना चोपन जनपद सोनभद्र गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः- 1.अजय पुत्र नरेश नि0 देवराढ़ , उम्र करीब 25 वर्ष 2.नरेश पुत्र तिलकधारी नि0 देवराढ़ थाना रा0गंज जनपद उम्र करीब 45 वर्ष गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में 1.उ0नि0 बृजेश कुमार पाण्डेय चौकी प्रभारी हिन्दुआरी , 2.हे0का0 धनन्जय राय , 3.का0 संदीप निर्मल ।



## प्रयागराज मे दर्दनाक सडक हादसे से मचा हड़कंप

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** बाइक सवार 5 लोगो को डम्पर ने कुचला मौके पर 5 लोगो की हुई दर्दनाक मौत सरायममरेज थाना क्षेत्र के सोरो पेट्रोल पम्प के सामने का मामला मीरगंज थाना क्षेत्र के गोधना बाजार के रहने वाले है मृतक सरायममरेज पुलिस डम्पर चालक को हिरासत मे लेकर कर रही पूछताछ।

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा शास्त्री सेतु पुल एक बार फिर किनारे से टूटा

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**मिर्जापुर।** भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा शास्त्री सेतु पुल एक बार फिर किनारे से टूटा, 2020 से 3 बार करोड़ो की लगाकर कराया जा चुका है पुल का मरम्मत, ओवर लोड बालू के ट्रक चढ़ने से पथवे का हिस्सा किनारे से टूटा, 6 महीने पहले मरम्मत होकर चालू हुआ था शास्त्री सेतु पुल, 45 साल पुराना बने पुल पर हर वर्ष होता है मरम्मत का खेल, मुंबई की कंपनी में आर एंड एम इंटरनेशनल को दिया गया था मरम्मत का ठेका, जर्जर पुल पर हर दिन गुजरते है हजारों वाहन, दुद्धि लुम्बिनी मार्ग को जोड़ता है ।














मिर्ज़ापुर सोनभद्र





## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की जिला कौंसिल की बैठक संपन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** बैठक में पेयजल व बिजली कटौती की समस्या के साथ जनपद में वनाधिकार, रोजगार, आदिवासियों व गरीबों पर हो रहे उत्पीड़न के सवाल पर चर्चा करते हुए पार्टी ने खनन में चल रहे मशीनों पर रोक लगाने और खनन मजदूरों को रोजगार दिलाने की उठाई आवाज। किसानों,मजदूरों, नौजवानों और आदिवासियों को लामबंद करते हुए जनसमस्याओं को लेकर भाकपा करेगी ब्लाक कार्यालयों पर आंदोलन। सोनभद्र, सोमवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला कौंसिल की बैठक पटवध स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पर संपन्न हुआ । बैठक में बीते दिनों संपन्न हुए आम चुनाव में लोकसभा और विधानसभा उप चुनाव में पार्टी के पक्ष में प्राप्त वोटों व जनसमर्थन की समीक्षा करते हुए आने वाले दिनों में पार्टी की मजबूती के लिए सदस्यता अभियान चलाने और जन समस्याओं को लेकर आंदोलन चलाने के लिए चर्चा किया गया। बैठक में भाकपा नेताओं ने जनपद में असंगठित मजदूरों के रोटी व रोजगार पर भी चिंता व्यक्त किया और कहा कि जनपद में असंगठित मजदूरों के रोजगार को इस भाजपा सरकार में मशीनों द्वारा छिना जा रहा है और यह सब शासन, प्रशासन की मिलीभगत से हो रहा है। खनन में लगातार बेखौफ जेसीबी,पोकलेन का खुलेआम उपयोग किया जा रहा है। जनपद का मूल वाशिदां और आदिवासी मजदूर रोटी रोज़ी के लिए अन्य शहरों की ओर लगातार पलायन कर रहा है, जिससे यहां वोटिंग प्रतिशत में लगातार गिरावट आ रही है।भाजपा की सरकार में जनपद के आदिवासियों, वनवासियों और भूमिहीनों को वनाधिकार जैसे मौलिक अधिकारों का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है बल्कि जनपद में वनविभाग के द्वारा यहां के गरीबों,भूमिहीनों और आदिवासियों



का लगातार शोषण उत्पीड़न भी किया जा रहा है यहां सरकार के प्रतिनिधि चूप्पी साधें बैठे हैं। जनपद में लोगों को पीने के लिए पानी, किसानों के खेती के लिए सिंचाई के साधन, बिजली की आपूर्ति और स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं का बड़ा संकट है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने कहा कि यदि आने वाले दिनों में भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल नहीं किया गया तो वह रोजगार ही नहीं बल्कि संपूर्ण आरक्षण प्रणाली का भी सफाया कर देगी । ऐसे में हम कम्युनिस्ट पार्टी के लोगों को आम जनता को गोलबंद करते हुए लोगों के लिए रोजगार की रक्षा और आरक्षण की सुरक्षा करने के लिए भाजपा को सत्ता से बेदखल करना ही होगा। जिसके लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जनपद के किसानों, मजदूरों, नौजवानों और आदिवासियों को लामबंद करते हुए कस्बों व गांवों में जन चौपाल और सितंबर माह से जन समस्याओं को लेकर ब्लाक कार्यालयों पर वृहद आंदोलन चलाएगी। बैठक में पार्टी के जिला सचिव कामरेड आर के शर्मा, सह सचिव कामरेड देव कुमार विश्वकर्मा, कामरेड दिनेश कुमार गोंड़ , कामरेड पप्पू भारती, कामरेड चौधरी कोल, कामरेड बसावन गुप्ता, कामरेड धनूक राम पनिका, कामरेड कमला प्रसाद, कामरेड बूधवंत व कामरेड बाबू लाल चेरो आदि कामरेड प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के वरिष्ठ लीडर व पूर्व प्रधान कामरेड चंदन प्रसाद पासवान ने और संचालन कामरेड अमरनाथ सूर्य ने किया।

## महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस समारोह आयोजित हुई गोष्ठी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय अखिलेश यादव जी के निर्देश पर समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर आदिवासी समाज की गौरव सौर्य एवं वीरता की प्रतीक महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी ने किया महारानी दुर्गावती का जन्म 5 अक्टूबर 1524 को कालिंजर के राजा कीर्ति सिंह के घर हुआ था महारानी दुर्गावती का विवाह गोंड वंश के राजा संग्राम शाह के पुत्र दलपत शाह के साथ हुआ था कार्यक्रम में ओबरा विधानसभा के प्रत्याशी सुनील सिंह गोंड ने कहा



महारानी दुर्गावती ने अपने प्रजा की खुशहाली के लिए मुगलों से लड़ाई लड़ी गोंडवाना साम्राज्य में जब महारानी दुर्गावती का शासन था अपने शासनकाल में अपने राज्य की आर्थिक व्यवस्था को इतना सुदृढ़ बना दिया था की कर के रूप में सोने का सिक्का एवं हाथी से कर चुकाया करते थे जिससे प्रजा काफी खुशहाल थी जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी ने कहा की महारानी दुर्गावती एक ऐसी वीर महिला थी जिन्होंने अपने साम्राज्य एवं जनता की सुरक्षा की दृष्टिकोण से जीवन भर लड़ाई लड़ी कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संजय यादव अनिल यादव त्रिपुरारी गोंड अशोक पटेल सनी पटेल रामप्यारे सिंह पटेल बबलू धनगर विनीत पांडे इमरान अहमद दशरथ यादव परशुराम यादव दीपक यादव प्रमोद यादव अवनीश चौबे पप्पू खान दिन अग्रवाल निधि पांडे मंदाकिनी पांडे प्रमोद यादव आदि प्रमुख लोग उपस्थित थे ।

# अल्पकालीन निविदा/कोटेशनसूचना 2024/25

कार्यालय ग्राम पंचायत- अमोखर | विकास खण्ड- राबर्ट्सगंज जिला सोनभद्र

पत्रांक- मेमो | दिनांक- 24/06/2024


**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अमोखर में वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/SLWM/SBM/अन्य निधियों से प्राप्त धनराशि से निर्माण कराये जाने हेतु व्यापार कर विभाग आयकर में पंजीकृत फार्मों के द्वारा ग्राम पंचायत परिधि के अन्दर निम्न विवरणनुसार कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति कराने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। ईट प्रथम श्रेणी ,सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, टैंकर क्रय, टैंकर मरम्मत बालू, डाला गिट्टी, सोलिंग गिट्टी, इंटरलॉकिग ईट, सीमेंट, पटिया, टीन शेड, ऐजबेस्टेस सीट, शौचालय निर्माण सामग्री,PVC पाईप, बोल्डर, सरिया, स्टोन डस्ट, GSB हैडपंप सामग्री, हैडपंप रिबोर/ बोर, पेन्टिंग सामग्री, ई-रिक्शा, ढैला गाडी, सफाईकर्मी किट, हयूम पाईप, सीमेन्ट बेंच, लोहे का ( दरवाजा, खिडकी, एंगल, पाईप ), बिजली वायरिंग सामग्री, समरसिवल पंप, सोलर पंप , अन्य समाग्री। इच्छुक आपूर्तिकर्ता निविदा दिनांक- 25-06-2024 से 29-06-2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर जमा कर सकते हैं। जिसे दिनांक 01-07-2024 को 04:00 बजे निविदा दाताओं जो उपस्थित रहना चाहते हैं के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोला जायेगा।**

**प्रतिबंध और शर्ते- 1- निविदा की सभी दरें कर सहित लोक निर्माण विभाग की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होनी चाहिए। 2- जमानत धनराशी और अन्य जानकारी हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं। 3-खराब आपूर्ति की दशा में जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी। 4- सशर्त निविदा स्वीकार्य नहीं की जायेगी। 5- बिना कारण बताये किसी भी समय निविदा निरस्त करने का अधिकरी आधोहस्ताबरी को होगा।**

**ग्राम प्रधान-**
**विकास खंड- राबट्र्सगंज**
**सोनभद्र**

**ग्राम प0 सचिव**
**विकास खंड- राबट्र्सगंज,**
**सोनभद्र**

# स्पोर्ट्स






साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान को रौंदकर की वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी, भारत को इतने अंतर से पछाड़ा




## 'भारत है अफगानिस्तान की हार का दोषी', इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने टी20 वर्ल्ड कप के कार्यक्रम पर उठाए सवाल, पक्षपात का लगाया आरोप

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने अफगानिस्तान की सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के हाथों शिकस्त के बाद टी20 वर्ल्ड कप के कार्यक्रम पर जमकर भड़ास निकाली है। वॉन ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर अफगानिस्तान की हार के लिए टी20 वर्ल्ड कप के कार्यक्रम पर भारत का पक्ष करने का आरोप लगाया। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने अफगानिस्तान की सेमीफाइनल में हार के बाद टी20 वर्ल्ड कप 2024 के कार्यक्रम पर सवाल दागे हैं। वॉन ने आरोप लगाया कि टूर्नामेंट का कार्यक्रम भारतीय टीम की सुविधाओं का ख्याल रखते हुए बनाया गया। वॉन ने भारतीय दर्शकों के समय के हित में टूर्नामेंट का कार्यक्रम रखने की आलोचना की। अफगानिस्तान को दक्षिण अफ्रीका के हाथों 9 विकेट की शिकस्त झेलनी पड़ी। बता दें कि अफगानिस्तान को गुरुवार को टी20 वर्ल्ड कप 2024 के पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के हाथों 9 विकेट की शिकस्त मिली। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी की और पूरी टीम केवल 56 रन पर ढेर हो गई। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने केवल 8.5 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। जहां अफगानिस्तान ने पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश करके इतिहास रचा था, वहीं, दक्षिण अफ्रीका 7 बार असफल रहने के बाद आखिरकार चोकर्स का टैग मिटाने में कामयाब रहा और पहली बार वर्ल्ड कप के फाइनल में एंट्री की। दक्षिण अफ्रीका का टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में मुकाबला भारत या इंग्लैंड में से किसी एक टीम से होगा। वॉन ने ध्यान दिलाया कि अफगानिस्तान टीम ने कई बदलावों का सामना किया, जिसमें त्रिनिदाद में फ्लाइट की देरी शामिल है। इसके कारण अफगानिस्तानी खिलाड़ियों को नए स?थान पर तैयारी करने का पर्याप?त समय नहीं मिल पाया। वॉन ने ट्वीट किया, ''तो अफगानिस्तान ने सेंट विंसेंट में सोमवार रात जीत दर्ज करके सेमीफाइनल के लिए क?वालीफाई किया। मंगलवार को त्रिनिदाद की फ्लाइट में 4 घंटे की देरी हुई तो अभ्यास का समय नहीं मिला और नए स्थान के हिसाब से खुद को ढाल नहीं सके। खिलाड़?यों के सम्मान में बहुत ज्यादा कमी। मैं डरा हुआ हूं।''वॉन ने आरोप लगया है कि जो शेड्यूल बनाया गया है वो भारत के दर्शकों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। वॉन ने लिखा है, ठनिश्चित तौर पर सेमीफाइनल गयान में है। लेकिन पूरे इवेंट में शेड्यूल भारत को ध्यान में रखकर बनाया गया है। भारत ने एक भी मैच शाम को नहीं खेला गया है।



## टी20 वर्ल्ड कप 2024 में बल्लेबाजों की लगा रहा वाट अब कपिल देव ने इस भारतीय गेंदबाज को अपने से 1000 गुना बेहतर बताया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारतीय टीम का प्रदर्शन अब तक शानदार रहा है। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम विजयी रथ पर सवार है। टीम को अब तक एक भी मैच में हार का मुंह नहीं देखना पड़ा है। बल्लेबाजी से लेकर गेंदबाजी तक, सभी डिपार्टमेंट में टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है। टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह उम्दा फॉर्म में हैं। इस बीच दिग्गज भारतीय क्रिकेटर कपिल देव ने बुमराह की तारीफों के पुल बांधे हैं। उन्होंने भारतीय तेज गेंदबाज को अपने से 1000 गुना बेहतर बताया है। टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारतीय टीम का विजयी अभियान जारी है। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम को अब तक एक भी मैच में हार का मुंह नहीं देखना पड़ा। बल्लेबाजी से लेकर गेंदबाजी तक सभी डिपार्टमेंट में टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है। टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह उम्दा फॉर्म में हैं। इस बीच दिग्गज भारतीय क्रिकेटर कपिल देव ने बुमराह की तारीफों के पुल बांधे हैं। टी20 वल्ड कप 2024 में बुमराह ने अब तक 6 मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने 8.54 की औसत और 4.08 की इकॉनमी से 11 विकेट चटकाए हैं। टूर्नामेंट में बुमराह काफी कंजूसी से रन खर्च कर रहे हैं। पीटीआई से बातचीत में कपिल देव ने कहा, ठबुमराह मुझसे 1000 गुना बेहतर हैं। ये युवा लड़के हमसे कहीं बेहतर हैं। हमारे पास अधिक अनुभव था, लेकिन वे बेहतर हैं। वे बहुत अच्छे हैं। वे अधिक फिट हैं। वे कहीं अधिक मेहनती और शानदार हैं।



बता दें कि भारतीय टीम ने 1983 में पहली बार कपिल देव की कप्तानी में विश्व कप जीता था। टी20 वल्ड कप 2024 में बुमराह के प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ मैच में 6 रन देकर 2 विकेट चटकाए थे। पाकिस्तान से हुए मैच में भारतीय तेज गेंदबाज ने 14 रन देकर 3 शिकार किए थे। अमेरिका के विरुद्ध मैच में बुमराह को कोई सफलता नहीं मिली थी। सुपर-8 के पहले मैच में अफगानिस्तान के खिलाफ जसप्रीत बुमराह ने 7 रन देकर 3 विकेट झटके थे। इसके बाद बांग्लादेश के साथ खेले गए मैच में उन्होंने 2 और ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध 1 सफलता अपने नाम की थी। बुमराह ने अपने करियर में अब तक 36 टेस्ट मैच खेले हैं। इस दौरान 69 पारियों में उन्होंने 20.69 की औसत और 2.74 की इकॉनमी से 159 विकेट चटकाए हैं। 9/86 एक टेस्ट में उनका सर्वरेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है। इसके अलावा 89 वनडे की 88 पारियों में बुमराह ने 23.55 की औसत और 4.59 की इकॉनमी से 149 विकेट अपने नाम किए हैं। एकदिवसीय में उन्होंने 6 बार 4 विकेट हॉल और 2 बार 5 विकेट हॉल भी लिया है। 6/19 इस फॉर्मेट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## सचिन, गावस्कर भी जो ना कर सके रोहित शर्मा ने कर दिया वह कारनामा, बतौर कप्तान बनाया अनोखा रिकॉर्ड

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 के दूसरे सेमीफाइनल में भारतीय टीम आज इंग्लैंड से टकरा रही है। यह टक्कर गयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में हो रही है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की ओर से कप्तान रोहित शर्मा ने तेजी से रन बनाना शुरू किया। मुकाबले में 24 रन बनाते ही रोहित ने एक खास कीर्तिमान अपने नाम किया। सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर और कपिल देव भी अपने करियर में यह कारनामा नहीं कर पाए थे। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के दूसरे सेमीफाइनल में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने तेजी से रन बनाना शुरू किया। मुकाबले में 24 रन बनाते ही रोहित ने एक खास कीर्तिमान अपने नाम किया। सचिन तेंदुलकर सुनील गावस्कर और कपिल देव भी अपने करियर में यह कारनामा नहीं कर पाए थे। 24 रन बनाते ही रोहित इंटरनेशनल क्रिकेट में 5000 रन बनाने वाले 5वें भारतीय कप्तान बन गए हैं। 24 रन बनाते ही रोहित इंटरनेशनल क्रिकेट में 5000 रन बनाने वाले 5वें भारतीय कप्तान बन गए हैं। इस लिस्ट में टॉप पर विराट कोहली हैं। कोहली ने बतौर कप्तान 213 मैच की 250 पारियों में 59.92 की औसत से 12883 रन बनाए थे। लिस्ट में दूसरे नंबर पर महेंद्र सिंह धोनी हैं, जिन्होंने 332 मैच की 330 पारियों में 11207 रन बनाए थे। सूची में तीसरे नंबर पर मोहम्मद अजहरुद्दीन और चौथे पर सौरव गांगुली हैं। अब इस फेहरिस्त में रोहित शर्मा का भी नाम जुड़ गया है। रोहित शर्मा ने बतौर कप्तान अब तक 16 टेस्ट मैच खेले हैं।



## 1 ओवर में बने 43 रन, रिकॉर्ड्स बुक हुई तहस-नहस; इंग्लिश गेंदबाज के तोते उड़ गए, इस ओवर में क्या-क्या हुआ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन 2 के चौथे दिन ससेक्स और लीसेस्टरशायर के बीच मैच में रिकॉर्ड्स बुक तहस-नहस हो गई। लीसेस्टरशायर के लुइस किम्बर ने ससेक्स और इंग्लिश गेंदबाज ओली रॉबिन्सन के ओवर में 43 रन ठोक दिए। ओली रॉबिन्सन ने अपने ओवर में 9 गेंद कीं। इस दौरान लुइस किम्बर ने 5 छक्के और 3 चौके लगाए। आखिरी गेंद पर उन्होंने 1 रन चुराया। ओवर में ओली रॉबिन्सन ने 3 नो बॉल कीं और सभी पर सिक्स लगे। काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन 2 के चौथे दिन ससेक्स और लीसेस्टरशायर के बीच मैच में खास रिकॉर्ड बना। लीसेस्टरशायर के लुइस किम्बर ने ससेक्स और इंग्लिश गेंदबाज ओली रॉबिन्सन के ओवर में 43 रन ठोक दिए। इस दौरान लुइस किम्बर ने 5 छक्के और 3 चौके लगाए। आखिरी गेंद पर उन्होंने 1 रन चुराया। इसके साथ ही उन्होंने इतिहास रच दिया। ओली रॉबिन्सन के ओवर की पहली गेंद पर लुइस किम्बर ने छवका लगाया। दूसरी गेंद पर भी उन्होंने सिक्स लगाया, लेकिन यह नो बॉल थी। फ्री हिट पर उन्होंने चौका जड़ा। तीसरी गेंद उन्होंने छवका और चौथी गेंद पर चौका ठोका। 5वीं गेंद पर लुइस ने सिक्स मारा और यह गेंद नो बॉल थी। फ्री हिट पर उन्होंने 4 रन बटोरे। आखिरी गेंद पर भी लुइस ने आधा दर्जन रन अपने खाते में जोड़े। दुर्भाग्य से यह भी नो बॉल निकली और फ्री हिट पर उन्होंने 1 रन लिया। ओवर का हाल इस प्रकार है 6, 6 नो बॉल, 4, 6, 4, 6 नो बॉल, 4, 6 नो बॉल, 1 रन। काउंटी चैंपियनशिप के 134 साल के इतिहास में यह सबसे महंगा ओवर है।इसके साथ ही किम्बर ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट के इतिहास रच दिया है। उन?होंने 1 ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अब अपने नाम कर लिया है। प्रथम श्रेणी क्रिकेट के एक ओवर में सबसे ज?यादा रन बनाने का रिकार्ड इससे पहले तक संयुक्त रूप से सर गारफील्ड सोबर्स (नॉटिंघमशायर) और रवि शास्त्री (बॉम्बे) के नाम था। दोनों ही बल?लेबाजों ने एक ओवर में 36-36 रन बनाए थे। सर गारफील्ड सोबर्स ने ग्लैमरगन और रवि शास्त्री ने बड़ौदा के खिलाफ एक ओवर में 6-6 छक्के लगाए थे। लुइस किम्बर ने ससेक्स के खिलाफ काउंटी चैंपियनशिप मैच में लीसेस्टरशायर के लिए एक छोर संभाले रखा। खबर लिखे जाने तक उन्होंने 92 गेंदों में नाबाद 191 रन बनाए थे। इस दौरान वह 16 छक्के और 18 चौकों ठोक चुके हैं। 69 ओवर के बाद लीसेस्टरशायर का स्कोर 375/7 था। किम्बर और बेन कॉक्स बल्लेबाजी कर रहे थे। दोनों के बीच 8वें विकेट के लिए नाबाद 200 रन की साझेदारी हो चुकी है।




## भारतीय महिला तीरंदाजों ने दिखाया दम, लगाई गोल्ड की हैट्रिक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय महिला तीरंदाजी टीम ने इस समय खेले जा रहे वर्ल्ड कप में कमाल करते हुए लगातार तीसरी बार गोल्ड मेडल जीता है। भारती की ज्योति सुरेखा वेनम, अदिती स्वामी और परनीत कौर की टीम ने तीसरा गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। इस टीम ने शनिवार को इस्टोनिया की टीम को मात दी है। भारतीय महिला तीरंदाजों ने वर्ल्ड कप में शानदार खेल दिखाते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। इस टीम ने वर्ल्ड कप के तीसरे स्टेज में गोल्ड जीता है। इससे पहले ये टीम पहली और दूसरी स्टेज में पदक जीतने में सफल रही थी। भारत के रिकर्व तीरंदाजों से भी पदक की उम्मीद है। भारत के दो रिकर्व तीरंदाज पदक की रेस में हैं। भारतीय टीम ने टॉप सीड के तौर पर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। फाइनल में इन्होंने लिजेल जाटमा, मेरी मारिटा पास और मारियस टेट्समान की टीम को 232-229 से हरा दिया। भारतीय टीम ने वर्ल्ड कप की स्टेज-1 और स्टेज-2 में भी गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। वहीं भारत के दो रिकर्व तीरंदाजों ने भी अच्छा खेल दिखाया है। अंकिता भगत और धीरज बोमादेवारा ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। ये दोनों अब पदक की रेस में हैं। दोनों ने बेहतरीन प्रतिबद्धता दिखाते हुए दमदार खेल दिखाया है। अब इन दोनों से पदक जीतने की उम्मीद है। इन दोनों ने पेरिस ओलंपिक 2024 का टिकट भी हासिल कर लिया है। पेरिस ओलंपिक में भारत को तीरंदाजी में अभी तक पदक नहीं मिला है। इस बार उम्मीद की जा रही है कि इस सूखे को खत्म किया जाए। पेरिस में भारत को उम्मीद है कि खेलों के महाकुंभ में अपना बेस्ट प्रदर्शन किया जाए। टोक्यो में खेले गए पिछले ओलंपिक खेलों में भारत ने सात पदक अपने नाम किए थे। ये भारत का इन खेलों में बेस्ट प्रदर्शन है।



## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे हैं

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते हैं। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसन्न रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान को रौंदकर की वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी, भारत को इतने अंतर से पछाड़ा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका की टीम ने अफगानिस्तान को टी20 विश्व कप 2024 के पहले सेमीफाइनल में 9 विकेट से धूल चटाई। इस मैच में जीत हासिल कर साउथ अफ्रीका की टीम ने पहली बार टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई। टी20 वल्ड कप 2024 के पहले सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान को 9 विकेट से मात दी। त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान टीम 56 रन पर सिमट गई। जवाब में साउथ अफ्रीका ने 8.5 ओवर में 1 विकेट खोकर 60 रन बनाकर जीत हासिल की। मैच में मिली जीत के साथ अफ्रीका ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया मैच में पहले बैटिंग करते हुए अफगानिस्तान की टीम ने बैटिंग का फैसला किया और पहले बैटिंग करते हुए अफगानी टीम 56 रन पर ऑलआउट हो गई। इसके जवाब में 8.5 ओवर में साउथ अफ्रीका की टीम ने 8.5 ओवर में लक्ष्य हासिल किया। इस तरह अफगानिस्तान पर मिली ऐतिहासिक जीत के बाद साउथ अफ्रीका ने अपने नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। आइए जानते हैं इस रिकॉर्ड के बारे में। एडन माक्ररम की कप्तानी वाली साउथ अफ्रीका की टीम ने टी20 वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन कर रही है। टीम ने अभी तक लगातार 8मैचों में जीत दर्ज की। अफगानिस्तान को रौंदकर साउथ अफ्रीका की टीम ने इस विश्व कप में 8वीं जीत हासिल की। इसके साथ टीम संयुक्त रूप से टी20 वर्ल्ड कप में लगातार सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीम बन गई है। साउथ अफ्रीका ने इस दौरान ऑस्ट्रेलियाई टीम की बराबरी कर ली है। वहीं भारतीय टीम को इस मामले में पछाड़ दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने टी20 वर्ल्ड कप में लगातार 8 मैच जीते हैं। वहीं भारत ने टी20 वर्ल्ड कप में लगातार 7 मैचों में जीत दर्ज की है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल मैच में अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया, जो गलत साबित हुआ। इस मैच में अफगानिस्तान के बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन कर पाए और सिर्फ 56 रन ही बना पाए। अफगानिस्तान की तरफ से अजमतुल्लाह उमरजई ही दोहरे अंक में पहुच पाए। इसके बाद साउथ अफ्रीका के लिए रीजा हेंड्रिक्स ने 29 रन और एडन माक्रम ने 23 रन बनाए।



# सम्पादकीय

## बेहद अलग तरह का होता है बोकस्नुमा बीज का पौधा

उत्पादित फलों के विशिष्ट लालटेन आकार के कारण इसे बॉक्स फ्रूट के नाम से भी जाना जाता है। फल के भीतर असंख्य वायु कक्ष इसे अत्यधिक उछालदार और जल-प्रतिरोधी बनाते हैं। जमीन पर गिरे पके हुए फली के गुच्छे, किसी किनारे पहुंचने तक, समुद्री लहरों द्वारा सैंकड़ों मीलों तक बहते हैं। फिश पॉयजन ट्री या सी पॉयजन ट्री, जिसे वनस्पति विज्ञान में बैरिंगटोनिया एशियाटिका के नाम से जाना जाता है, अपने मजेदार और रोचक प्राकृतिक गुणों के लिए प्रसिद्ध है। यह छोटे से माध्यम आकार के होते हैं जिसकी ऊंचाई 7-25 मीटर की हो सकती है। इसकी शाखाओं के सिरों पर पत्तों के बड़े रोसेट विशेष रूप से आकर्षक होते हैं। इनकी छतरी लगभग बराबर फैली होने हेतु ये बहुत छायादार होते हैं। इसकी पत्तियाँ संकरी, तिरछी, 20-40 सी.मी लंबी और 10-20 सी.मी चौड़ी होती हैं। युवा पत्तियों पर गुलाबी नसें पत्तों के सुंदर कांस्य रंग को और सुनहरा बनाते हैं। पर्याप्त वर्षा और आर्द्रता वाले द्वीप और तटीय क्षेत्र जैसे पश्चिमी प्रशांत और हिंद महासागर के द्वीप इसके वास के लिए उपयुक्त हैं। यह कई मैंग्रोव जंगलों का भी मूल निवासी है। मुंबई की तटीय सड़कों पर इन्हें कतारों में देखा जा सकता है।उत्पादित फलों के विशिष्ट लालटेन आकार के कारण इसे बॉक्स फ्रूट के नाम से भी जाना जाता है। फल के भीतर असंख्य वायु कक्ष इसे अत्यधिक उछालदार और जल-प्रतिरोधी बनाते हैं। जमीन पर गिरे पके हुए फली के गुच्छे, किसी किनारे पहुंचने तक, समुद्री लहरों द्वारा सैंकड़ों मीलों तक बहते हैं। समुद्र में बहने वाले बीजों और फलियों में से यह सबसे व्यापक हैं क्योंकि यह समुद्र की सतह पर कई सालों तक जीवित रह सकते हैं। फलियाँ भूमि पर आते हैं और उष्णकटिबंधीय वर्षा के जल से पोषित होकर ज्वालामुखी मिट्टी में आसानी से अंकुरित हो जाते हैं। इसके तारकिय आकार के फूल गुलाबी रंग के साथ सफ़ेद पुंकेसर की मनमोहक पफ बॉल जैसी दिखती हैं। पुंकेसर लाल या गुलाबी भी हो सकते हैं। यह रात में खुलते हैं और अपनी आकर्षक खुशबू से बड़े पतंगों और चमगादड़ों को आकर्षित करते हैं। अगली सुबह, आमतौर पर, फूल के पुंकेसर ज़मीन पर बिखरे हुए पाए जाते हैं। सुगंधित, फैले हुए आकर्षक फूल रात में आने वाले आगंतुक जैसे चमगादड़ एवं कीट पतंगों को आकर्षित करते हैं। यह पेड़ अन्य प्राणियों के दिखावटी संभोग नृत्य के बराबर है। 'अटैकस एटलस' के नाम से एक पतंगा इसी का एक नमूना है। अपना सीमित जीवनकाल यह अपनी साथी की तलाश में बिताता है क्योंकि ऐसी स्थिति में प्रजनन ही एकमात्र उपाय है। हालांकि, यह अनजाने में परागणकर्ता के रूप में भी काम करता है। एटलस पतंगे के 10 इंच पंखों के ऊपरी सिरे पर साँप के फन जैसे आकार बने हुए हैं। ऐसे बड़े, पारदर्शी सफ़ेद निशानों के कारण यह संभाव्य शिकारियों से बचाता है और इसलिए यह पतंगा वास्तव में बहुत प्रभावी है। ये पौधे जलाशयों के किनारे उगाई जाती हैं जिससे भूमि को अधिक निर्जलित होने में मदद मिले। अत्यधिक उछालदार होने के कारण यह मछली पकड़ने के जाल के लिए उपयुक्त हैं। इस पेड़ की लकड़ी का उपयोग भवन निर्माण तथा डोंगियां बनाने में किया जाता है। इसे भारत के कुछ हिस्सों में सजावट और छायादार उद्देश्यों के लिए सड़कों के किनारे उगाया जाता है। पौधे के विभिन्न अंगों में मौजूद विषाक्त पदार्थों की वजह से यह मछलियों के लिए जहरीला होता है। इसमें अधिक मात्रा में सैपोनिन (एक अणु जिसमें डिटर्जेंट के गुण होते हैं) रहता है जो पौधों द्वारा स्वाभाविक रूप से निर्मित होते हैं। सैपोनिन कुछ हद तक ज़हरीला होता है और कोशिका मृत्यु को भड़काता है। ज़हर को निकालने हेतु बीजों एवं पौधे के अन्य हिस्सों को पीसकर, गूदा बनाकर या कद्दूकस करके इस्तेमाल किया जाता है। सूखे बीजों की फलियों को पीसकर मछलियों को अचेत करके आसानी से पकड़ने के लिए इस्तेमाल किया जाता है जिस कारण इसका नाम 'मछली जहर का पेड़' पड़ा। हालांकि, सैपोनिन ज़हर केवल मछलियों के तंत्रिका तंत्र को ही निशाना बनाता है, इसलिए मछली का मांस को खाने हेतु सुरक्षित है। स्थानीय लोग आंतों के कीड़ों से छुटकारा पाने के लिए भी फली के विषैले बीजों का उपयोग करते थे। सैपोनिन का प्रयोग दो गंभीर कीट, गोभी के कैटरपिलर या इल्ली और एडीज मच्छर (जो उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में डेंगू बुखार और मलेरिया फैलते हैं) के विरुद्ध कीटनाशक के रूप में किया जाता है। इसके फलों, पत्तियों और बीजों का आयुर्वेदिक और जड़ी-बूटियों में उपयोग किया जाता है। इस पौधे के सामयिक अनुप्रयोग के साथ स्टोनफिश (नोहू) के डंक, मोच, सिरदर्द इत्यादि का इलाज किया जाता है। बीजों का उपयोग आंतों के कीड़ों से छुटकारा पाने के लिए किया जाता है।

## नेता प्रतिपक्ष बने राहुल गांधी के लिए अगले 60 महीने बड़ा अवसर

वर्ष 2013 में राहुल गांधी को जयपुर में कांग्रेस पार्टी के अधिवेशन में उपाध्यक्ष चुना गया था। तब उन्होंने मार्मिक भाषण दिया था और सत्ता को जहर तक बताया था। कांग्रेस



ने उन्हें भविष्य के नेता के रूप में प्रोजेक्ट किया। हालांकि, कांग्रेस वर्ष 2014 में लोकसभा चुनाव में अपना सबसे न्यूनतम प्रदर्शन कर 44 सीटों पर सिमट गई थी संसद में लोकसभा अध्यक्ष पद के चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक नए अंदाज में दिखे। उन्होंने एक बार फिर सफेद कुर्ता-पजामा पहन लिया। दाढ़ी सलीके से सेट कराई। एक रात पहले उन्हें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष चुना गया था। अपने 20 साल लंबे राजनीतिक करियर में पहली बार राहुल गांधी कोई संवैधानिक पद संभालेंगे। चूंकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने तीसरे कार्यकाल में पूर्ण बहुमत नहीं मिला है और वो गठबंधन की सरकार चला रहे हैं तो राहुल गांधी के पास खुद को स्थापित और साबित करने का बड़ा अवसर है। कई बार री-लॉन्च किए जा चुके राहुल गांधी क्या नई जिम्मेदारी को बखूबी निभा पाएंगे? जिन उम्मीदों के साथ जनता ने उनकी पार्टी को 99 सीटें दी हैं, उन पर खरा उतार पाएंगे? इन सवालों के जवाब अगले कुछ महीनों में मिल जाएंगे।वर्ष 2013 में राहुल गांधी को जयपुर में कांग्रेस पार्टी के अधिवेशन में उपाध्यक्ष चुना गया था। तब उन्होंने मार्मिक भाषण दिया था और सत्ता को जहर तक बताया था। कांग्रेस ने उन्हें भविष्य के नेता के रूप में प्रोजेक्ट किया। हालांकि, कांग्रेस वर्ष 2014 में लोकसभा चुनाव में अपना सबसे न्यूनतम प्रदर्शन कर 44 सीटों पर सिमट गई थी। तब कांग्रेस ने यह कहकर बचाव किया था कि मनमोहन सिंह सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर थी। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी को कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने देशभर में कांग्रेस के प्रचार का नेतृत्व किया, लेकिन पार्टी एक बार फिर बुरी तरह हारी। उसे 52 सीटें मिलीं। कुल मिलाकर राहुल गांधी के नेतृत्व को जनता ने नकार दिया और राहुल गांधी ने भी अध्यक्ष पद को छोड़ दिया। वर्ष 2019 के बाद राहुल गांधी कुछ समय के लिए अज्ञातवास में चले गए। पार्टी उनसे नेतृत्व का गुहार लगाती रही, पर काफी मान-मनौव्वल के बावजूद वो नहीं माने।

# मरुस्थल की तपती रेत के नीचे एक जीवमंडल

वैज्ञानिकों ने दक्षिण अमेरिका के अटाकामा मरुस्थल की तपती रेत के नीचे छिपे हुए जीवमंडल को उजागर किया है।सार्वभौमिक गर्माहट, नित नए रिकॉर्ड बनाता सृष्टि का तापक्रम, और जीवन की कड़ियों को तोड़ने पर उतारू जलवायु परिवर्तन! ऐसे निराशाजनक भू-परिदृश्य में कोई सुखद समाचार मिले, तो मन हर्षित हो जाता है। पृथ्वी ग्रह, जो पूरे ब्रह्मांड में अब तक एकमात्र ज्ञात जिंदा ग्रह है, का जीवन के प्रति एक गहरा अनुराग है। जीवन के प्रति गहरी आत्मीयता संजोए और जीवन को निरंतर पोषित करती पृथ्वी का एक दिव्य दर्शन पृथ्वी पर सबसे शुष्क और जीव रहित अटाकामा रेगिस्तान के नीचे छिपे एक जीवमंडल की हाल में हुई एक खोज से हुआ है एक अभूतपूर्व खोज में वैज्ञानिकों ने पृथ्वी पर जीवन के लिए सबसे विकट पर्यावरण और जीवन संभावनाओं को ठेंगा दिखाने वाली चरम पर पहुंची जलवायु वाले अटाकामा रेगिस्तान की तपती रेत के नीचे छिपे हुए जीवमंडल को उजागर किया है। अनंत काल से जीवन से रहित माना जाने वाला अटाकामा अब नीचे की गहराइयों में पनप रहे सूक्ष्मजीवी जीवन की एक आश्चर्यजनक श्रृंखला को प्रकट करता है।अटाकामा मरुस्थल दक्षिण अमेरिका के पश्चिमी तट के साथ पेरू, बोलेविया, चिली और अर्जेंटीना के कुछ हिस्सों को कवर करते हुए 1000 किलोमीटर तक विस्तार लिए हुए है। इसकी शुष्कतम जलवायु, जिसमें वस्तुतः नहीं के बराबर (मात्र 1 से 3 मिलीलीटर प्रतिवर्ष) वर्षा होती है, जो जीवन प्रक्रियाओं के लिए पर्याप्त नहीं है और अत्यधिक तापमान का उतार-चढ़ाव होता है, ने वैज्ञानिकों को इसकी तुलना मंगल ग्रह पर पाई जाने वाली स्थितियों से करने के लिए प्रेरित किया है। इसकी दुर्गम सतह के उपरांत भी शोधकर्ताओं को लंबे समय से संदेह था कि ऊपर की कठोरता से सुरक्षित होकर निचली सतह पर जीवन बना रह सकता है। वैज्ञानिकों के एक अंतरराष्ट्रीय समूह के नेतृत्व में हाल के अभियानों ने इन संदेहों की पुष्टि की है, क्योंकि उन्होंने रेगिस्तान की मिट्टी और चट्टानों की गहराई में खोज की है। डीएनए अनुक्रमण और समस्थानिक विश्लेषण सहित अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए, शोधकर्ताओं ने इस असंभावित आवास में पनप रहे सूक्ष्मजीवों के एक विविध समुदाय की पहचान की है। परियोजना की प्रमुख शोधकर्ता डॉ. ऐलेना रोड्रिग्ज इस खोज को 'उल्लेखनीय रहस्योद्घाटन' के रूप में वर्णित करती हैं। वह कहती हैं कि अटाकामा मरुस्थल को लंबे समय से रेत और चट्टान का एक बेजान विस्तार माना जाता रहा है, लेकिन हमारे निष्कर्ष इस धारणा को पूरी तरह से चुनौती देते हैं। सतह के नीचे, जहां स्थितियां अधिक स्थिर हैं, हमने सूक्ष्मजीव जीवन के एक संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र का सामना किया है। खोजा गया एक नया जीवमंडल अपने भूमिगत पर्यावरण की चरम स्थितियों के लिए अनुकूलित सूक्ष्म जीवों से भरा हुआ है। बैक्टीरिया, आर्किया और कवक सहित इन सूक्ष्मजीवों ने इस कठोर परिदृश्य में जीवित रहने के लिए सरल रणनीतियां विकसित की हैं। इनमें से कुछ खनिजों से भोजन करते हैं, जबकि अन्य ऊर्जा की लिए रासायनिक प्रक्रियाओं पर निर्भर रहते हैं और इस प्रकार दुनिया से छिपकर अपने लिए एक अनूठा आश्रय बनाते हैं। यह अद्भुत खोज हमारे मन में जीवन के प्रति सम्मान और पवित्रता के भावों का बीजारोपण करती है। इसके अतिरिक्त, अटाकामा मरुस्थल में खोजे गए सूक्ष्मजीव समुदाय मंगल जैसे अन्य ग्रहों पर जीवन की संभावना का सुराग दे सकते हैं। मंगल ग्रह की सतह से अपनी समानता के साथ अटाकामा मरुस्थल चरम वातावरण में जीवन की सीमाओं का अध्ययन करने और अलौकिक जीवन के लिए हमारी खोज को परिष्कृत करने के लिए एक प्राकृतिक प्रयोगशाला के रूप में कार्य कर सकता है। जैस-जैसे शोधकर्ता अटाकामा मरुस्थल और पृथ्वी पर अन्य चरम वातावरणों की गहराई का पता लगाना जारी रखते हैं, वे निश्चित रूप से और भी अधिक आश्चर्यों को उजागर करेंगे। प्रत्येक नई खोज हमें जीवन की उत्पत्ति और ब्रह्मांड में इसकी क्षमता के रहस्यों को उजागर करने के समीप लाती है। अटाकामा ब्रह्मांड के अन्य ग्रहों और चंद्रमाओं पर जीवन की अनंत संभावनाओं के विकास की खिड़की खोलता है।



# तिब्बत ने बढ़ाई चीन की बेचैनी

विशेषज्ञों का कहना है कि तिब्बत के बारे में भारत और अमेरिका के विचार एक जैसे हैं और दोनों का रुख एक समान है, जिससे चीन बौखलाया हुआ है। अमेरिका और भारत अपने समन्वित कूटनीतिक कार्यों से चीन का मुकाबला करने के लिए अधिक मुखर और सहयोगी दृष्टिकोण का मंच तैयार कर रहे हैं। अमेरिका और चीन के बीच तनावपूर्ण संबंधों की पृष्ठभूमि में तथा अमेरिकी संसद द्वारा पारित रिजॉल्व तिब्बत ऐक्ट को, जो तिब्बती लोगों को पूर्ण समर्थन देने का वादा करता है, अपनाने के बाद अमेरिकी संसद का एक प्रतिनिधिमंडल हाल ही में भारत के धर्मशाला में दलाई लामा से मिला, जिससे चीन बुरी तरह भड़क गया। रिपब्लिकन प्रतिनिधि माइकल मैककॉल के नेतृत्व में सात सदस्यीय उच्च स्तरीय अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने रिजॉल्व तिब्बत ऐक्ट के महत्व पर चर्चा की, जिसे राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा अनुमोदित किया जाएगा, जो तिब्बती लोगों के अधिकारों के प्रबल पैरोकार हैं। इसी से संबंधित घटनाक्रम में भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की, जिन्होंने उन्हें तीसरे कार्यकाल के लिए बधाई दी और देश में हुए लोकसभा चुनाव की निष्पक्षता, पारदर्शिता और व्यापकता की सराहना की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर अपना संदेश पोस्ट करते हुए लिखा कि 'प्रतिनिधिमंडल में शामिल अमेरिकी संसद के मित्रों के साथ विचारों का बहुत अच्छा आदान-प्रदान हुआ।' उन्होंने आगे कहा कि वह 'भारत-अमेरिका के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने में मजबूत द्विदलीय समर्थन' को 'गहराई से' महत्व देते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के पोस्ट में दलाई लामा के साथ अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की बैठक का उल्लेख नहीं है। रणनीतिक दृष्टि से इसे गुप्त रखा गया है। निर्वासित तिब्बती सरकार की मेजबानी करने वाले भारत का तिब्बत के साथ एक अनूठा संबंध है। भारत सरकार अक्सर तिब्बती मुद्दे के प्रति अपने समर्थन और चीन के साथ व्यापक रणनीतिक व आर्थिक संबंधों के बीच संतुलन बनाते हुए कदम उठाती रही है। अमेरिकी प्रतिनिधि मंडल की धर्मशाला यात्रा के तुरंत बाद इस बैठक का समय चीन की आक्रामक नीतियों का मुकाबला करने में साझा मूल्यों और आपसी हितों को रेखांकित करने के लिए एक समन्वित कूटनीतिक प्रयास का संकेत देता है। जैसी की उम्मीद थी, चीनी दूतावास की ओर से इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई, जिसमें अमेरिका को गलत संदेश देने से बचने की चेतावनी दी गई। चीनी मिशन ने एक्स पर कहा, 'हम अमेरिकी पक्ष से आग्रह करते हैं कि वह दलाई समूह के चीन विरोधी अलगाववादी प्रकृति को पूरी तरह पहचाने, शिजांग मुद्दे पर अमेरिका ने चीन से जो वादा किया था, उसका सम्मान करे और दुनिया को गलत संदेश देना बंद करे।'तिब्बती इतिहास एवं संस्कृति को कमजोर करने के लिए चीन तिब्बत को शिजांग कहता है, जिसे अक्तूबर, 1950 में उसने जबरन हड़प लिया था। दलाई लामा धर्मशाला में निर्वासित रहकर तिब्बती लोगों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष कर रहे हैं। इन बैठकों पर चीनी प्रतिक्रिया संभवतः बहुआयामी होगी। कूटनीतिक मोर्चे पर बीजिंग वाशिंगटन और नई दिल्ली के समक्ष औपचारिक विरोध दर्ज कर सकता है। वह तिब्बत पर चीनी रुख को आंतरिक मामला बताते हुए उसमें किसी भी तरह के हस्तक्षेप की निंदा करेगा। हालांकि, व्यापक रणनीतिक निहितार्थ चीन के क्षेत्रीय कूटनीतिक दृष्टिकोण को फिर से निर्धारित करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।विशेषज्ञों का कहना है कि तिब्बत के बारे में भारत और अमेरिका के विचार एक जैसे हैं और दोनों का रुख एक समान है, जिससे चीन बौखलाया हुआ है। यह ऐतिहासिक तथ्य है कि चीन ने 1962 में भारत के साथ धोखा किया, जिसे 2020 में दोहराया गया, जब लद्दाख में टकराव हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने बीजिंग के साथ रिश्तों को सामान्य बनाने के लिए गंभीर पहल की थी, लेकिन चीन ने ऐसा नहीं किया, जिसके चलते वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है और कई दौर की बातचीत के बाद भी कोई परिणाम नहीं निकला है।इन बैठकों से पता चलता है कि अमेरिकी और भारतीय हितों के मेल से एशिया में एक नई भू-राजनीतिक परिदृश्य का विकास हो रहा है। दोनों देश खासकर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव और आक्रामक व्यवहार के प्रति समान रूप से आशंकित हैं। अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करते हुए अमेरिका और भारत चीनी महत्वाकांक्षाओं का मुकाबला करने के लिए एक नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता जता रहे हैं। बदले में चीन अपने गठजोड़ को मजबूत करने और क्षेत्र में अपने प्रभाव का विस्तार करने पर जोर दे सकता है। इसके तहत वह पाकिस्तान के साथ संबंधों को गहरा कर सकता है, अन्य दक्षिण एशियाई देशों के साथ भागीदारी बढ़ा सकता है और रणनीतिक पैठ जमाने के लिए अपनी बेल्ट ऐंड रोड इनिशिएटिव परियोजनाओं में तेजी ला सकता है। इसके अलावा, चीन भारत के साथ विवादित सीमाओं पर अपनी सैन्य स्थिति को बढ़ा सकता है, खासकर लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश के विवादास्पद क्षेत्रों में, ताकि अपने क्षेत्रीय दावों को पुख्ता किया जा सके। तात्कालिक रणनीतिक गणनाओं से परे, ये बैठकें लोकतांत्रिक मूल्यों और तानाशाही शासन के बीच व्यापक वैचारिक प्रतिस्पर्धा को भी उजागर करती हैं। अहिंसक प्रतिरोध और आध्यात्मिक नेतृत्व के प्रतीक दलाई लामा उन मूल्यों के प्रतीक हैं, जो ?लोकतंत्र और मानवाधिकारों की वैश्विक पैरोकारी करते हैं। उनके साथ जुड़कर, अमेरिका और भारत इन सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता मजबूत कर रहे हैं। दूसरी तरफ, चीन को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने मानवाधिकार रिकॉर्ड को बचाने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। तिब्बत, शिनजियांग और हांगकांग में चीनी गतिविधियों पर बढ़ती वैश्विक निगरानी बीजिंग को रक्षात्मक स्थिति में ले आई है। वैश्विक प्रभाव की लड़ाई में, सॉफ्ट पावर और नैतिक अधिकार तेजी से महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं। धर्मशाला और दिल्ली की बैठकें अमेरिका और भारत के सॉफ्ट पावर को बढ़ाने का काम करती हैं, जिससे उन्हें मानवाधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों का अगुआ माना जाता है। जैसे-जैसे एशिया में भू-राजनीतिक बिसात जटिल होती जाएगी, कूटनीति और प्रतिरोध के बीच का अंतर-संबंध महत्वपूर्ण होता जाएगा। अमेरिका और भारत, अपने समन्वित कूटनीतिक कार्यों से, चीन का मुकाबला करने के लिए अधिक मुखर और सहयोगी दृष्टिकोण का मंच तैयार कर रहे हैं। इसमें न केवल द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना शामिल है, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समान विचारधारा वाले देशों के साथ व्यापक गठजोड़ को बढ़ावा देना भी शामिल है।



# बॉलीवुड/टेली मसाला



बेबी जॉन के नए पोस्टर में इंटेंस लुक में दिखे वरुण धवन

## प्रियंका चोपड़ा ने ऑस्ट्रेलिया से शेयर किया फोटो डंप

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस ऑस्ट्रेलिया से कई सारी तस्वीरें शेयर कर रही हैं। एक्ट्रेस यहां पर अपनी अगली हॉलीवुड फिल्म द ब्लफ की शूटिंग कर रही हैं। इस फिल्म में उनके साथ कार्ल अर्बन,इस्माइल क्रूज़ कॉडीवा, साफिया ओकले-ग्रीन और अन्य स्टार्स स्क्रीन स्पेस शेयर करते नजर आएंगे। फिल्म में जोरदार एक्शन सीक्वेंस होने वाले हैं। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने ऑस्ट्रेलिया से अपनी कई सारी फोटोज और वीडियो पोस्ट की हैं। एक्ट्रेस यहां अपनी अगली एक्शन ड्रामा फिल्म द ब्लफ की शूटिंग कर रही हैं। इस फोटो डंप में एक्ट्रेस ने एक वीडियो भी शेयर किया है जिसमें वो पैर पर लहसुन रगड़ते हुए नजर आ रही हैं। वहीं कुछ फोटो में प्रियंका के पैरों पर लगी चोट भी देखी जा सकती है। हाल ही में एक्ट्रेस ने बेटी मालती और पति निक जोनस के साथ कई हैप्पी मोमेंट्स शेयर किए जिसकी तस्वीर उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की। निक भी इस समय प्रियंका और मालती के साथ ऑस्ट्रेलिया में हैं। इसके अलावा प्रियंका ने पैर पर लगी चोटों की भी कुछ झलकियां दीं। प्रियंका की इस तस्वीर से उनके फैंस को उनकी चिंता होने लगी। प्रियंका ने जो फोटो डंप शेयर किया है उसकी पहली तस्वीर में वो पति निक जोनस को अपनी बांहों में पकड़े नजर आ रही हैं। दूसरी तस्वीर में मालती कार्टून कैरेक्टर पॉ पैट्रोल से मिलती नजर आ रही हैं। इसके बाद प्रियंका ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वो अपने पैर पर लगी चोटें दिखा रही हैं। एक तस्वीर में प्रियंका की मां मधु चोपड़ा भी दिखाई दे रही हैं। इन सभी फोटोज और वीडियो के बीच में एक चीज जिसने सभी का ध्यान खींचा वो थी एक वीडियो जिसमें प्रियंका के तलवे में कोई लहसुन की कलियों से मालिश कर रहा है। द डायरिज ऑफ डियाना नाम से एक फैन एक्ट्रेस से सवाल करता है कि लहसुन की कलियां पैरों के लिए क्या करती हैं इस पर एक्ट्रेस उन्हें जवाब देती हैं कि ये सूजन कम करने और बुखार में मदद करता है। द ब्लफ के अलावा,प्रियंका चोपड़ा की झोली में हेड ऑफ स्टेट्स भी हैं। इसके अलावा अमेजन प्राइम वीडियो सीरीज सिटाडेल का दूसरा सीजन भी जल्द ही आने वाला है। वहीं प्रियंका चोपड़ा,आलिया भट्ट और कैटरीना कैफ स्टारर बॉलीवुड फिल्म जी ले जारा की भी घोषणा हो चुकी है।



## नाना महेश भट्ट से मिलने पहुंची राहा कपूर ब्लू फ्रॉक में आलिया भट्ट की बेटी दिखीं बेहद क्यूट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की बेटी राहा कपूर भी बॉलीवुड के पॉपुलर स्टार किड्स में शामिल हो चुकी हैं। नन्ही राहा की भी फैन फॉलोइंग बढ़ती ही जा रही है। सोशल मीडिया पर जब भी उनका कोई वीडियो आता है तो तेजी से वायरल होने लगता है आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की बेटी राहा कपूर का जन्म साल 2022 के नवंबर महीने में हुआ था। इस साल राहा पूरे 2 साल की होने जा रही है। इस कपल की बेटी भी बॉलीवुड के पॉपुलर स्टार किड्स में शामिल हो चुकी हैं। फैंस उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं। गुरुवार सुबह उनका एक वीडियो सामने आया। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ है। गुरुवार की सुबह राहा का एक वीडियो सामने आया, जिसमें वह अपनी नैनी के साथ नाना के हाउस जाती नजर आ रही हैं। हमेशा की तरह इस बार भी आलिया भट्ट की बेटी बेहद क्यूट अंदाज में नजर आई। राह कपूर उन बच्चों में से हैं जो नाना-नानी के साथ वक्त बिताना पसंद करते हैं। आलिया अक्सर अपनी लाडली को वीकेंड पर उनके फैमिली से मिलवाने लेकर जाती रही हैं। अब इस बार भी कुछ ऐसा ही रहा। गुरुवार को राहा सुबह सुबह नाना महेश भट्ट के घर उनसे मिलने पहुंची। इस दौरान उन्होंने ब्लू एंड व्हाइट कलर की फ्लोरल फ्रॉक पहनी हुई थी, जिसमें बहुत प्यारी लग रही थी। इसी के साथ राहा का डबल-ट्रबल हेयरस्टाइल भी देखने को मिला। इस उनके साथ उनकी दो नैनी भी नजर आईं जो उन्हें महेश भट्ट की बिल्डिंग के अंदर लेकर जाती हैं। बीते दिनों राहा मम्मी-पापा के साथ अपना नया घर देखने पहुंची थी। इस मौके पर आलिया बैज कलर के टॉप और मैचिंग पैंट में दिखाई दी थी। तो वहीं, राहा प्रिंटेड बीज आउटफिट और ब्लैक शूज में नजर आई थीं। बीते दिनों न्यूज18 शोशा को एक इंटरव्यू में आलिया ने बताया था कि उनका सुबह का पूरा रूटीन पूरा बदल गया है। अब राहा ही हमें जगाने आती है। सबसे पहला काम उसे देखना और उसे गले लगाना है।




## किसी का टूटा पैर, तो किसी के माथे पर लगी तलवार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**बॉलीवुड की एक 3 घंटे की फिल्म को दर्शकों तक आने में करीब दो साल का समय लगता है। इस बीच कई बार सेलेब्स सेट पर शूटिंग के दौरान बुरी तरह से घायल हो जाते हैं, जिसे ठीक होने में महीनों भी बीत जाते हैं। बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी हॉलीवुड की फिल्म की शूटिंग में जूटी हुई हैं। द ब्लफ के सेट पर प्रियंका अपनी लगातार फोटोज और वीडियोज साझा कर रही हैं । इस दौरान उन्होंने बताया कि वह गंभीर रूप से घायल हो गई है । अभिनेत्री के पौरों में काफी चोट लगी हैं । तो वहीं कुछ ऐसे भी स्टार्स हैं जिनको चोट तो लगी है, लेकिन फिर भी शूट जारी रखते हैं। ताकी फिल्म समय पर उनके फैंस तक पहुंच जाए। इन दिनों देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा भी अपनी हॉलीवुड फिल्म की शूटिंग कर रही हैं। जहां वो कई बार घायल हो चुकी हैं, लेकिन उन्होंने अपना काम जारी रखा है। ऐसी कई एक्ट्रेसेज हैं जिनको शूटिंग के दौरान सेट काफी चोट लगी। प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी हॉलीवुड फिल्म को लेकर काफी चर्चा में है, जिसका नाम है 'द ब्लफ'। एक्ट्रेस लगातार अपनी फोटोज और वीडियो शेयर किए, जिसमें उन्होंने दिखाया कि वह काफी घायल हुई हैं। उनकी नाक और मुंह पर चोट लगी। इसके अलावा पैर पर भी काफी चोटों के निशान है, लेकिन इन सबके बाद भी वह शूटिंग करने से रुकी नहीं। दीपिका पादुकोण की फिल्म गोलियों की रासलीला राम-लीला तो आपको याद होगी। ये फिल्म साल 2013 में रिलीज हुई थी। इस मूवी की शूटिंग के दौरान एक्ट्रेस के पैर में चोट लगी थी। कई सीन को उन्होंने पट्टी बांधकर साथ शूट किया था।



## रोहित सराफ के हाथ लगी मणि रत्नम की फिल्म कमल हासन के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करते नजर आएंगे एक्टर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड का कलेक्शन भले ही खास ना रहा हो लेकिन रोहित सराफ की एक्टिंग की तारीफ हो रही है। इस फिल्म में रोहित पहली बार एक लीड एक्टर के तौर पर नजर आए। इससे पहले उन्होंने कई बड़ी एक्ट्रेसेज के साथ काम किया है जिसमें प्रियंका चोपड़ा और आलिया भट्ट का नाम भी शामिल है। अब खबर आ रही है कि एक्टर बहुत जल्द मणि रतन्म की ठग लाइफ में नजर आएंगे इश्क विश्क रिबाउंड फेम एक्टर रोहित सराफ के हाथ एक बड़ा प्रोजेक्ट लगा है। रोहित बहुत जल्द मणिरतन्म के साथ एक फिल्म करते नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके साथ लीजेंड एक्टर कमल हासन भी होंगे। ये एक पैन इंडिया फिल्म होगी जिसे कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म के जरिए रोहित सराफ साउथ इंडस्ट्री में डेब्यू करेंगे। इस फिल्म में उनके साथ कमल हासन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। पिंकविला का कहना है कि रोहित सराफ, मणि रतन्म और कमल हासन दोनों के ही बहुत बड़े फैन हैं। ये उनके लिए बहुत बड़ा मौका है। रोहित ने फिल्म की शूटिंग पहले ही शुरू कर दी है। एक्टर इसमें एक अहम किरदार निभाते नजर आएंगे जोकि कहानी को नया मोड़ देगा। जानकारी के अनुसार ठग लाइफ में कई सारे सरप्राइजेस हैं और मेकर्स दर्शकों को एक बड़ा सिनेमैटिक एक्सपीरियंस देना चाहते हैं। शूट लगभग पूरा हो चुका है और मणि रतन्म इस साल अगस्त में फिल्म को रैपअप कर सकते हैं। मूवी साल के आखिरी में दिसंबर 2024 में रिलीज हो सकती है। रोहित सराफ और कमल हासन के अलावा फिल्म में सिम्बु,तृषा कृष्णन, नासर और जोजू जॉर्ज भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। बता दें कि ठग लाइफ एक पैन इंडिया फिल्म होगी, जिसे एक साथ कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म इसी साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिलहाल कमल हासन इन दिनों कल्कि 2898 एडी में खलनायक की भूमिका में दिखाई दिए। नाग अश्विन डायरेक्टेड इस फिल्म में प्रभास, दीपिका पादुकोण,अमिताभ बच्चन,कमल हासन और दिशा पटानी भी अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। फिल्म में कमल हासन ने खलनायक यास्किन का किरदार निभाया है।



## सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल के रिसेप्शन में पहुंचे बिन बुलाए मेहमान गेस्ट के पोस्ट पर एक्ट्रेस ने किया रिएक्ट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सोनाक्षी सिन्हा की शादी ने सोशल मीडिया पर खूब ध्यान खींचा। 21 जून को एक्ट्रेस ने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के साथ सिविल मैरिज की, जो उनके मुंबई स्थित घर पर हुई। इसके बाद शाम को एक्ट्रेस ने मुंबई के महंगे होटल बास्टियन में रिसेप्शन रखा। जहां बॉलीवुड के कई नामी चेहरे पहुंचे। इनमें ट्रांस मॉडल और अभिनेता सुशांत दिवगीकरका नाम भी शामिल है। जिन्होंने बी-टाउन में हाल ही में हुई एक सेलिब्रिटी वेडिंग में घुसपैठियों के पहुंचे की बात कही है। सुशांत दिवगीकरने बिना किसी का नाम लिए खुलासा किया कि हाल ही में एक सेलिब्रिटी वेडिंग में कुछ लोगों ने जबरदस्ती घुसने की कोशिश की। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी शेयर किया है, जिस पर सोनाक्षी सिन्हा ने रिएक्ट किया है। सुशांत दिवगीकरने लिखा, ठहाल ही में कई लोगों को एक सेलिब्रिटी की शादी में घुसपैठ करते और/या घुसपैठ करने की कोशिश करते देखा।उन्होंने आगे कहा, ठमुझे विश्वास नहीं होता कि लोग पूरी तरह से सजधज कर, ऐसा दिखावा करेंगे कि उन्हें इनवाइट किया गया है और फिर चुपके से अंदर घुस जाएंगे आपने ऐसा किस लिए किया? आप अंदर जा सके और बस कुछ रील बना सके?ठ मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि लोग इतने फालतू कैसे हो सकते हैं।ठ पोस्ट को शेयर करते हुए सुशांत ने कैप्शन में लिखा, ठकॉन्फिडेंस इतना कहां से लाते हैं रे बाबा सुशांत दिवगीकरके इस पोस्ट पर सोनाक्षी सिन्हा ने रिएक्ट भी किया है। उन्होंने कमेंट सेक्शन में स्माइली इमोजी पोस्ट की। उनके अलावा कई सोशल मीडिया यूजर्स ने भी रिएक्ट किया। एक यूजर ने कहा, ये सिक्योरिटी की दिक्कत है और प्राइवेसी का उल्लंघन किया गया। हैरानी होती है कि एक समाज के तौर पर हम कैसे हो गए हैं। एक अन्य यूजर ने कहा, सोना की शादी में गोलगप्पे अच्छे नहीं थे।



## बेबी जॉन के नए पोस्टर में इंटेंस लुक में दिखे वरुण धवन, पहली बार फुल फ्लेज्ड एक्शन करते नजर आएंगे एक्टर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** एक्टर वरुण धवन ने अपनी आने वाली फिल्म बेबी जॉन के लिए साउथ फिल्मों के डायरेक्टर कालीस और जवान के निर्देशक एटली के साथ हाथ मिलाया है। अभी कल ही खबर आई थी कि फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है और अब ये फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज होगी। वहीं मेकर्स फिल्म को लेकर बज बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। वरुण धवन अपनी आगामी एक्शन फिल्म बेबी जॉन से दर्शकों को इम्प्रेस करने के लिए तैयार हैं। मेकर्स ने अब एक नया पोस्टर जारी किया है जिसमें उनका इंटेंस लुक नजर आ रहा है। यह फिल्म वरुण धवन की पहली फुल फ्लेज्ड एक्शन फिल्म होगी। इस फिल्म में दो अभिनेत्रियां नजर आएंगी। साउथ एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश इस फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू करेंगी। फिल्म का नया पोस्टर रिलीज किया गया है जो फैंस के बीच और उत्सुकता जगा रहा है। मेकर्स ने इस एक्शन पैक्ड मूवी से वरुण धवन का एक और लुक शेयर किया है जोकि बता रहा है कि फिल्म में उनकी परफॉर्मेंस कितनी किलर होने वाली है। वरुण धवन का ये लुक शाह रुख खान की जवान से काफी मैच कर रहा है। नए पोस्टर में बेबी जॉन एक्टर लंबे गीले बाल,बढ़ी हुई दाढ़ी और बहुत ही इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं। उन्हें देखकर ऐसा लग रहा है कि वो लड़ाई के लिए बिल्कुल तैयार हैं और अपने रास्ते में आने वाले किसी भी व्यक्ति को खत्म कर सकते हैं। पोस्टर में एक तरफ फिल्म की रिलीज डेट और अन्य जानकारियां भी शामिल हैं। इस फिल्म के जरिए वरुण धवन पहली बार एक्शन करते नजर आएंगे। इस फिल्म से साउथ एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश बॉलीवुड डेब्यू करेंगी। वामिका गब्बी भी इस फिल्म से सिल्वर स्क्रीन पर अपनी शुरुआत कर रही हैं। इसके अलावा फिल्म में जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव भी शामिल हैं। बेबी जॉन एस थमन ने म्यूजिक दिया है। इस फिल्म में एक्शन का जबरदस्त डोज देखने को मिलेगा। कुछ मीडिया रिपोर्ट की मानें तो जेम्स बॉन्ड से लेकर जवान जैसी बड़ी फिल्मों का एक्शन डिजाइन करने वाले एक्शन डायरेक्टर्स को इसमें शामिल किया गया है। वहीं वरुण धवन ने फिल्म के कई एक्शन सीन्स खुद ही शूट करने की बात कहकर बॉडी डबल का इस्तेमाल करने से मना कर दिया।



## रिलीज हुआ 'सरफिरा' का दूसरा गाना 'खुदाया'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के सुपरस्टार अक्षय कुमार की आगामी फिल्म 'सरफिरा' के मेकर्स रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। इस बीच गुरुवार को फिल्म का दूसरा गाना 'खुदाया' रिलीज कर दिया गया है, जो की एक सूफी ट्रैक है। सॉन्ग अपने म्यूजिक और दिल छू लेने वाले लिरिक्स की वजह के फैंस के बीच तेजी से पॉपुलर हो रहा है। अक्षय कुमार जल्द फिल्म सरफिरा के साथ थिएटर्स में नजर आएंगे। खिलाड़ी कुमार की ये फिल्म सूर्या स्टारर सोरारई पोटरु की रीमेक है। मेकर्स ने अब फिल्म के म्यूजिक एल्बम से दूसरा ट्रैक खुदाया रिलीज कर दिया है जो एक इमोशनल सूफी ट्रैक है। सरफिरा का ये सॉन्ग अक्षय कुमार और राधिका पर फिल्माए गया है। खुदाया में दोनों की लव स्टोरी देखने को मिल रही है। 'सरफिरा' का हाल ही में ट्रेलर रिलीज किया गया था। जिसे सोशल मीडिया पर ठीक- ठाक रिस्पॉन्स मिला। इसके बाद पहला गाना मार 'उड़ी' जारी किया गया और अब 27 जून को सेकेंड ट्रैक 'खुदाया' रिलीज कर दिया गया है।



## सुबह-सुबह कल्कि 2898 एडी देखने पहुंचे एसएस राजामौली फिल्म में है डायरेक्टर का सरप्राइजिंग कैमियो

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दिग्गज फिल्ममेकर नाग अश्विन की फिल्म कल्कि 2898 एडी सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। लंबे समय से फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। रिपोट्र्स की मानें तो साउथ में इसके शो सुबह 4 बजे से ही ओपन हो गए थे। वहीं इस दौरान एक थिएटर में एसएस राजामौली को उनकी पतनी रमा और ऑस्कर विनिंग म्यूजिक डायरेक्टर एम. एम. कीरावनी के साथ देखा गया। तस्वीर एक्स पर काफी ज्यादा वायरल हो रही है।दिग्गज फिल्ममेकर नाग अश्विन की फिल्म कल्कि 2898 एडी सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। लंबे समय से फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। रिपोट्र्स की मानें तो साउथ में इसके शो सुबह 4 बजे से ही ओपन हो गए थे। वहीं इस दौरान एक थिएटर में एसएस राजामौली को उनकी पतने रमा और ऑस्कर विनिंग म्यूजिक डायरेक्टर एम. एम. कीरावनी के साथ देखा गया। तस्वीर एक्स पर काफी ज्यादा वायरल हो रही है। इस फिल्म में प्रभास,दीपिका पादुकोण,अमिताभ बच्चन और कमल हासन मुख्य किरदार में नजर आए। ऑनलाइन जो फोटो वायरल हो रही है उसमें राजामौली एक थिएटर स्क्रीन के दरवाजे पर खड़े होकर अंदर जाने का इंतजार कर रहे हैं। उन्हें कीरावनी से भी मिलते हुए देखा गया। वहीं उनकी पतने रमा चुपचाप पास में खड़ी थीं। हालांकि राजामौली थिएटर में प्रभास की फिल्म देखने गए थे इस बात की कोई ऑफिशियल पुष्टि नहीं हुई है। बता दें कि कल्कि में राजामौली का स्पेशल कैमियो है। इसके अलावा भी कई ऐसे एक्टर्स हैं जिनका आपको फिल्म में स्पेशल एपियेरेंस देखने को मिलेगा। ऑडियंस अपने प्यारे बाहुबली एक्टर पर खूब प्यार बरसा रही है। राजामौली फिल्म के एक सीन में प्रभास संग एक्शन करते दिखाई देंगे। इससे पहले राजामौली ने कल्कि की तारीफ करते हुए एक नोट शेयर किया था। नोट में लिखा था - ठपॉवर पैक्ड ट्रेलर है जोकि फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने के लिए एक मूड और टोन सेट कर रहा है। अमिताभ जी,डार्लिंग (प्रभास) और दीपिका के कैरेक्टर्स में बहुत गहराई है और उन्होंने जबरदस्त काम किया है।ठइसके अलावा फिल्म में दुलकर सलमान भी नजर आएंगे। उनका क्या किरदार है ये तो आपको फिल्म देखने के बाद ही पता चलेगा लेकिन इसने फैंस के बीच एक्साइटमेंट जरूर बढ़ा दी है। वहीं कमल हासन इस फिल्म में खलनायक की भूमिका अदा कर रहे हैं, उनके लुक को लेकर पहले से ही सोशल मीडिया पर काफी चर्चा है।



## अक्षय कुमार के घर खुद अपनी शादी का न्योता देने पहुंचे अनंत अंबानी, बेहद खूबसूरत है दूल्हे राजा का वेडिंग कार्ड

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** एक बार फिर अंबानी परिवार में शहनाई बजने वाली हैं। इस बार इस परिवार के छोटे बेटे अनंत अंबानी दूल्हा बनने जा रहे हैं। गुजरात के जामनगर और इटली में क्रूज प्री-वेडिंग जशन के बाद अब अंबानी परिवार शादी के लिए तैयारियों में जुट गया है। अनंत अंबानी अगले महीने की 12 तारीख को मंगेतर राधिका मर्चेंट से शादी करने जा रहे हैं। इस शादी में की चर्चा बीते एक साल से हो रही है। अब वक्त आ गया है जब ये कपल हमेशा के लिए एक-दूसरे का हाथ थामने वाला है। इस शादी में कई बॉलीवुड सेलेब्स को आमंत्रित किया जाएगा जिसमें से एक अक्षय कुमार भी हैं। परिवार वालों ने शादी का न्योता देना शुरू कर दिया है। बीते दिनों जहां नीता अंबानी ने काशी विश्वनाथ मंदिर में बेटे की शादी का पहला कार्ड चढ़ाया था। तो वहीं, देर रात खुद अनंत अंबानी अपना शादी का इनविटेशन देने अभिनेता अक्षय कुमार के घर पहुंचे, जिसकी एक झलक सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। अंबानी परिवार की शादी में बॉलीवुड सेलेब्स शामिल न हो ऐसा हो नहीं सकता। अंनत के दोनों प्री-वेडिंग में पूरी फिल्म सीटी शामिल हुई थी। वहीं अब शादी में भी ऐसा ही होने जा रहा है। बुधवार को अंनत अपने खास दोस्तों और मेहमानों को न्योता देने के लिए निकल पड़े। वह देर शाम अभिनेता अक्षय कुमार के घर पहुंचे और उन्हें चांदी-सोने से बना वेडिंग कार्ड दिया। सोशल मीडिया पर अनंत का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपनी गाड़ी में बैठे नजर आ रहे हैं। इस दौरान उनके आस-पास कई सारे बॉडी गाड्र्स भी दिखाई दे रहे हैं। उनके चेहरे पर शादी की खुशी साफ नजर आ रही हैं। बीते दिनों अनंत अभिनेता अजय देवगन के घर पहुंचे थे। अनंत का अजय देवगन के घर शिवशक्ति से बाहर आते हुए एक वीडियो भी सामने आया था। इस वीडियो में अनंत हमेशा की तरह टाइट सिक्योरिटी के बीच नजर आए थे। लाल रंग की अलमारी के आकार में बना ये कार्ड, जिसके अंदर से एक चांदी का मंदिर है और इसमें चारों तरफ भगवान की मूर्ती नजर आ रही हैं। इसके अलावा कार्ड में अलग-अलग भगवानों के चित्रों के साथ शादी के जशन की डिटेल्स लिखी हैं। इसके अलावा अनंत-राधिका के नाम के पहले अक्षर की कढ़ाई वाला रुमाल और एक दुपट्टा भी शामिल है।






# जन शिकायतों की सुनवाई गुणवत्तापूर्ण ढंग से हो :इओ विजय

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद में विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्कम मे सोमवार को जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 4. नगर पंचायत घोरावल में 1, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 3, नगर पंचायत चोपन में 3, नगर पंचायत ओबरा में 0, नगर पंचायत रेनुकूट में 2, नगर पंचायत पिपरी में 0, नगर पंचायत दुद्धी में 3. नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 4, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई पेयजल व मार्ग प्रकाश से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। विजय कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी/नोडल अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है।




# सपा नोएडा महानगर ने वीरांगना महारानी दुर्गावती गढ़ मंडला की रानी का बलिदान दिवस मनाया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** नोएडा सपा नोएडा महानगर द्वारा महानगर अध्यक्ष डॉक्टर



आश्रय गुप्ता के नेतृत्व में महानगर कैंप कार्यालय सेक्टर 53 कंचनजंगा मार्केट पर भारतीय इतिहास की प्रसिद्ध गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती गढ़ मंडला की रानी जी का बलिदान दिवस पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया गया। महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने कहा कि अकबर की सेना ने रानी दुर्गावती पर तीन बार आक्रमण किया लेकिन रानी ने तीनों बार उन्हें पराजित कर दिया। एक महिला शासक से कितनी बार हारने के बाद असफ खान गुस्से से भर गया और 1564 में उसने एक बार फिर रानी के राज पर आक्रमण कर दिया युद्ध के दौरान रानी की आंख पर एक तीर लग गया, कुछ सैनिकों ने उन्हें युद्ध भूमि छोड़ने की सलाह दी लेकिन रानी ने बहादुरी से इनकार कर दिया, इस तरह 24 जून 1564 को वह वीरगति को प्राप्त हुई। महासचिव विकास यादव ने कहा कि यह ऐतिहासिक युद्ध जबलपुर के पास मदन महल किले में हुआ था जहां रानी की शहादत हुई थी और आज वहां रानी दुर्गावती की समाधि स्थित है। कार्यक्रम में उपस्थित मुल्क लोगों में वीरपाल अवाना, तस्लीम, पिंटू यादव, अनिल पंडित ,बबली शर्मा, भानु प्रताप,राम सहेली, मोहम्मद शाहिद, राणा मुखर्जी ,मनोज प्रजापति, सौरभ चौहान, लोकेश यादव , रोहित यादव,अभय यादव, अशोक गुप्ता, सोनू, हरेंद्र, पवन, सिकंदर मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# ट्रॅक पर लदे सैकड़ों बोरी लहसुन गायब

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** ट्रॅक पर लदे सैकड़ों बोरी लहसुन गायब कर ट्रॅक मालिक और ड्राईवर फरार, मध्य प्रदेश से आए लहसुन व्यापारी ने पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार, व्यापारी का आरोप लहसुन गायब कर ट्रॅक में लगाई गई थी आग, माल का पता न चलने पर ड्राइवर को किया गया फ़ोन तो ड्राइवर ने कही आग लगने की बात, घटना के बाद से फरार है ट्रॅक मालिक और ड्राईवर, व्यापारी का आरोप ट्रांसपोर्टर, ट्रॅक मालिक और ड्राईवर ने मिलकर घटना को दिया है अंजाम, पड़री कोतवाल पर भी लगाया मिलीभगत का आरोप कई दिनों से दौड़ा रहे पड़री थानाध्यक्ष नही दर्ज़ कर रहे मुकदमा

# रेलवे स्टेशन परिसर में मौजूद वर्षो पुराना शिव मंदिर ध्वस्त

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** रेलवे स्टेशन परिसर में मौजूद वर्षो पुराना शिव मंदिर ध्वस्त, नव निर्माण के चलते गिराया गया वर्षों पुराना शिव मंदिर, रात के अंधेरे में जेसीबी मशीन से गिराया गया मन्दिर, मन्दिर गिराने से हिंदू समाज में भारी नाराजगी बोले आस्था पर की गई चोट,पुजारी पर भी मिलीभगत का आरोप, वहीं मामले पर रेलवे ने दी सफाई स्टेशन अधिक्षक रविंद्र कुमार का बयान बोले दूसरी जगह स्थापित की गई मूर्ति, नवनिर्मित मन्दिर में मूर्ति की स्थापना कराकर कराई गई है प्राणप्रतिष्ठा। मंदिर ध्वस्त किए जाने से लोगों में नाराजगी, स्थानीय लोगो में देखी गई भारी नाराजगी, नाराज़ लोगो ने किया स्टेशन पर बवाल, मन्दिर के पूजारी को भी लिया निशाने पर, लोगो को उग्र होते देख पुलिस को दी गई सूचना, सूचना पर मौके पर पहुंचे सीओ सिटी मनोज गुप्ता, स्थनीय लोगो और पुलिस में भी हुई तीखी नोकझोंक।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।